तेरा नाम चल रहा है मेरा काम चल रहा है

ना तो मेरा कोई कमाल है
ना दखल है इसमें गुरूर का
मुझे रखते है वो निग़ाह में
ये कर्म है मेरे हुजूर का

तेरा नाम चल रहा है मेरा काम चल रहा है
तेरी रहमतो का किस्सा, सरे शाम चल रहा है,
तेरा नाम चल रहा है मेरा काम चल रहा है

1.ना जाने कैसे कैसे मरहल गुजर रहे है
जिसे जानना है मुश्किल वो मुकाम चल रहा है
तेरा नाम चल रहा है मेरा काम चल रहा है

2.मखमुरियत के पीछे क्या राज है बता दु
मदहोश हु मैं जबसे तेरा जाम चल रहा है
तेरा नाम चल रहा है मेरा काम चल रहा है

3.मंजिल किसी भी राह की मुझे कैसे पाएं
तेरी रहमते है आगे पीछे गुलाम चल रहा है
तेरा नाम चल रहा है मेरा काम चल रहा है

4. तेरा नाम ले के सोऊँ, तेरा नाम ले के जागु,
ये सिलसिला हमारा, सुबहो शाम चल रहा है,
तेरा नाम चल रहा है मेरा काम चल रहा है

5. सरदार ने जो मंज़िल तेरा नाम लेके पाई
ये तेरा खोटा सिक्का सारे आम चल रहा है,
तेरा नाम चल रहा है मेरा काम चल रहा है

प्रेषक:
कुमार सुनील
हिसार हरियाणा
98123 - 01662

https://www.bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/33023/title/Tera-naam-chal-rha-hai-mera-naam-chal-raha-hai

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |